आर.एन.आई. नं. 66224/95 Web.:-http://www.janbazpatrika.com
Mob: 8829013340, 9079030243 Ph., Fax- 0744-2410641, E-Mail: janbazpatrika@gmail.com

# जाँबाज पत्रिका



वर्ष 30 अंक 26 महानगर संस्करण | कोटा (राजस्थान) | शनिवार 01 फरवरी 2025 | पोस्टल रजि. RJ/SR/21-81/2003-2005 | पृष्ठ 4 | मूल्य 2 रूपये

## कांग्रेस के शाही परिवार ने आदिवासी बेटी का अपमान किया PM Modi का सोनिया गांधी पर पलटवार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लिए बेचारी टिप्पणी को लेकर कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी की आलोचना करते हुए कहा कि च्शाही परिवारज् ने च्एक आदिवासी बेटीज् का अपमान किया है।च्द्रौपदी मुर्मू एक आदिवासी परिवार से हैंज दिल्ली में एक राजनीतिक रैली में पीएम मोदी ने कहा, च्द्रौपदी मुर्मू एक आदिवासी परिवार से आई हैं। उनकी मातृभाषा हिंदी नहीं, बल्कि ओड़िया है। राष्ट्रपति ने आज संसद को बहुत बढ़िया तरीके से प्रेरित किया और भाषण दिया। लेकिन कांग्रेस के राजपरिवार ने उनका अपमान करना शुरू कर दिया। राजपरिवार के एक सदस्य (राहुल गांधी) ने कहा कि आदिवासी बेटी ने एक उबाऊ भाषण दिया। एक अन्य सदस्य (सोनिया गांधी) ने राष्ट्रपति को एक च्बेचारीज् कह दिया। उन्हें एक आदिवासी बेटी का भाषण उबाऊ लगता है। **यह देश के 10 करोड़ आदिवासी भाई-बहनों का अपमान है** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह टिप्पणी देश के 10 करोड़ आदिवासी भाइयों और बहनों का अपमान है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पीएम मोदी ने कहा, च्यह देश के 10 करोड़ आदिवासी भाई-बहनों का अपमान है। यह देश के हर गरीब व्यक्ति का अपमान है। उन्हें लोगों को गाली देना, विदेशों में भारत को बदनाम करना और शहरी नक्सलियों के बारे में बात करना पसंद है। दिल्ली को बहुत सतर्क रहना होगा। हार के डर से इन दो अहंकारियों ने हाथ मिला लिया है।ज्ज **सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति पर की ये टिप्पणी** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संसद में संयुक्त अभिभाषण पर प्रतिक्रिया करते हुए सोनिया गांधी ने कहा, च्अंत तक राष्ट्रपति बहुत थक गई थींज्बेचारी, वह मुश्किल से बोल पा रही थीं।ज्ज् इसके बाद भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इस बयान की निंदा की। जेपी नड्डा ने कहा, च्मैं और भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता भारत की माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लिए सोनिया गांधी की ओर से च्बेचारीज्ज् शब्द के प्रयोग की कड़ी निंदा करता है। इस तरह के शब्दों का जानबूझकर प्रयोग कांग्रेस पार्टी की अभिजात्यवादी, गरीब-विरोधी और आदिवासी-विरोधी प्रकृति को दर्शाता है।ज्ज **प्रेसिडेंट हाउस ने की निंदा** राष्ट्रपति भवन ने भी इस टिप्पणी की निंदा करते हुए कहा कि यह उचित भावना नहीं रखती। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा, च्संसद में माननीय राष्ट्रपति के अभिभाषण पर मीडिया के समक्ष प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस पार्टी के कुछ प्रमुख नेताओं ने ऐसी टिप्पणियां की हैं, जिनसे स्पष्ट रूप से उच्च पद की गरिमा को ठेस पहुंची है और इसलिए ये अस्वीकार्य हैं।

## कोटा संभाग से सीपी आर्य को सदस्य मनोनीत करने पर पूर्व कैबिनेट मंत्री बाबूलाल नागर व पुर्व सांसद मनोज राजोरिया का जताया आभार

**जांबाज न्यूज कोटा।** राजस्थान खटीक महासमिति के द्वारा जयपुर में कार्यालय पर संस्थानिक क्षेत्र झालाना डूंगरी मैं एक बैठक आयोजित की गई जिसमें सर्व समिति से संस्था के विधान की उपाधि की धारा 6 एवं 11 की पालनार्थ एवं बाबूलाल नागर पूर्व मंत्री,मनोज राजोरिया पुर्व सांसद की मनसा के अनुरूप संस्था का जिला एवं तहसील स्तर तक गठन करने हेतु कार्यकारिणी द्वारा मनोनीत किए जाने वाले पदाधिकारी का चयन संस्था की आम सभा का सदस्य अथवा संस्था के विधान में आस्था रखते हो उन्हें विभिन्न पदों पर मनोनीत किया गया जिसमें कोटा संभाग से राज्य स्तरीय सामूहिक विवाह समिति में सीपी आर्य को सदस्य एवं जिला व तहसील स्तर पर कार्यकारिणी का गठन करने हेतु दिनेश खटीक को समन्वयक सीपी आर्य,नरेंद्र खींची,दीपक भलवाला,राधेश्याम आर्य,रामराज बागड़ी,देवकीनन्दन वर्मा,अंकित बुलीवाल को सदस्य मनोनीत किया गया जिस पर



सीपी आर्य ने पुर्व कैबिनेट मंत्री बाबूलाल नागर व पुर्व सांसद मनोज राजोरिया का आभार व्यक्त किया ।

## फार्मर आईडी के बिना नहीं मिलेगा फसल बीमा सब्सिडी व केसीसी सम्मान निधि का फायदा

### इसमें बार-बार सत्यापन की जरूरत नहीं

**जाँबाज न्यूज कोटा।** किसानों के समग्र विकास के लिए राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत कृषि एवं इससे संबंधित विभागों के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (एग्रीस्टैक) विकसित किया जा रहा है। उपखण्ड अधिकारी गजेन्द्र सिंह ने बताया कि तहसील लाडपुरा में 5 फरवरी 2025 से ग्राम पंचायतवार फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जाएगा । इस रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों की एकीकृत और व्यापक पहचान सुनिश्चित की जाएगी, जिससे उन्हें भविष्य में विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। **फार्मर आईडी होगी अनिवार्य** भविष्य में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), डीबीटी, बारिश और सूखे से प्रभावित किसानों की पहचान, बेहतर नियोजन, बजट आवंटन और क्रियान्वयन के लिए किसानों को फार्मर रजिस्ट्री आईडी (फार्मर आईडी) प्राप्त करनी होगी। यह आईडी किसानों की भूमि की डिजिटल पहचान बनाएगी, जिससे वे सरकारी योजनाओं का लाभ सुचारू रूप से प्राप्त कर सकें। **शिविर में किसानों को लाने होंगे ये दस्तावेज** फार्मर रजिस्ट्री शिविर में किसानों को अपना आधार कार्ड, जमाबंदी और आधार से लिंक मोबाइल नंबर साथ लाना अनिवार्य होगा। बिना इन दस्तावेजों के रजिस्ट्रेशन संभव नहीं होगा। **भूमि सत्यापन अधिकारी करेंगे दस्तावेजों का निरीक्षण** शिविर में भूमि सत्यापन अधिकारी किसानों द्वारा उपलब्ध कराए गए आधार और जमाबंदी का निरीक्षण करेंगे। सत्यापन प्रक्रिया के दौरान किसान का आधार नंबर दर्ज किया जाएगा, जिसके बाद उनके आधार से लिंक मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजा जाएगा।

## भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन का राधे कृष्णा कॉन्वेंट स्कूल द्वारा हुआ अभिनंदन

**जाँबाज न्यूज कोटा।** राधे कृष्णा कॉन्वेंट स्कूल रंगबाडी के प्रबंधक रवि शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा, पुनः भाजपा कोटा शहर जिलाध्यक्ष बनने पर, राकेश जैन का अभिनंदन किया गया। रवि शर्मा द्वारा जिलाध्यक्ष राकेश जैन को साफा, शॉल, पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने अभिनंदन के लिये रवि शर्मा सहित टीम का आत्मिक आभार प्रकट कर कहा कि आज केन्द्र व राज्य मे भाजपा की डबल इंजन की सरकार है। केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश का एवं राज्य में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान राज्य का चहुमुंखी विकास हो रहा है। हम सभी के लिये गर्व का विषय है कि कोटा बूंदी संसदीय क्षैत्र से जन जन के लाडले, सबके दुख दर्द के हमेशा खडे रहने वाले ऐसे हम सबके आदरणीय ओम जी बिरला आज लोकसभा अध्यक्ष पद पर शोभायमान है। राकेश जैन ने वहां उपस्थित सभी से आग्रह किया कि वो सभी के स्नेह, प्रेम से जिलाध्यक्ष बने है इसलिये भाजपा पार्टी में अपनी निष्ठा रखने वाले सभी भाजपा कार्यकर्ता अपने आपको जिलाध्यक्ष समझे, और पार्टी का कार्य करें। कांग्रेस शासन में पात्रता रखने के बावजूद अनेको जरूरतमंद व्यक्तियों को केन्द्र, राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिला। लेकिन अब भाजपा की सरकार है। सभी भाजपा कार्यकताओं को केन्द्र, राज्य व लोकसभा अध्यक्ष ओम जी बिरला की योजनाओं का लाभ जरूरतमंद व्यक्तियों को पहुंचाने में सहयोगी बनना है। इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यकर्ता संजय शर्मा, जिला मंत्री सियाराम वैष्णव, भाजपा गणेश नगर मण्डल अध्यक्ष रामचंद्र नागर, सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत शिविर आयोजित उपभोक्ताओं ने कराया पंजीकरण

(क्रिश जायसवाल)

**जाँबाज न्यूज छीपाबड़ौद।** जयपुर डिस्कॉम के छीपाबड़ौद कार्यालय परिसर में आज सुबह 10 बजे से प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों को सौर ऊर्जा से जुड़ने और सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करना था। **योजना के तहत सब्सिडी और लाभ** प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत 1 से 3 किलोवाट तक के सौर कनेक्शन के लिए पंजीकरण किया गया। इस योजना के तहत 78,000 रुपये तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है, जिससे आम उपभोक्ताओं को बिजली बिल में बचत के साथ-साथ स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोत अपनाने का अवसर मिलेगा। **शिविर में उपभोक्ताओं की उत्साही भागीदारी** शिविर में बड़ी संख्या में उपभोक्ता पहुंचे और अपना पंजीकरण करवाया।



कुल 22 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 4 उपभोक्ताओं ने मौके पर ही सहमति पत्र भरकर सौर संयंत्र लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी। **सहायक अभियंता नीरज कुमार ने बताया शिविर के दौरान जयपुर डिस्कॉम के सहायक अभियंता नीरज कुमार ने कहा,** ÷सौर ऊर्जा भविष्य की जरूरत है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी से उपभोक्ताओं को वित्तीय सहायता मिलेगी और वे आसानी से अपने घरों में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर सकेंगे। सौर ऊर्जा से न केवल बिजली बिल में बचत होगी, बल्कि यह पर्यावरण अनुकूल भी है। हम उपभोक्ताओं से अपील करते हैं कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने घरों में सौर ऊर्जा अपनाएं।÷ **सौर ऊर्जा अपनाने के फायदे** संतुष्टि सोलर फर्म के महेंद्र नागर ने शिविर के दौरान बताया कि सौर ऊर्जा को अपनाने से न केवल बिजली की लागत में कमी आएगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान मिलेगा। उन्होंने कहा कि सौर संयंत्र लगाने से उपभोक्ता अपनी जरूरत की बिजली खुद उत्पन्न कर सकते हैं और अतिरिक्त बिजली ग्रिड को बेचकर आय भी अर्जित कर सकते हैं। **विद्युत विभाग की सक्रिय भागीदारी**

## कोटा ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर के निर्देश पर गुम हुए 32 लाख से ज्यादा के मोबाइल बरामद

### मोबाइल मालिकों ने पुलिस का किया शुक्रिया अदा

(के डी अब्बासी)

**जाँबाज न्यूज कोटा।** कोटा ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर के निर्देश पर ऑपरेशन साईंबर शील्ड के तहत कोटा ग्रामीण पुलिस ने चोरी/गुमशुदा 162 मोबाईल जिनकी कीमत से 32 लाख से ज्यादा है उन मोबाइलों को बरामद कर उनके असली मालिकों को लौटाया । मोबाइल मिलने पर मोबाइल के असली मालिकों ने कोटा ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर और उनकी पुलिस टीम का शुक्रिया अदा किया है। कोटा ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर ने बताया कि महानिदेशक पुलिस राजस्थान, जयपुर एवं महानिरीक्षक पुलिस, कोटा रेंज, कोटा के निर्देश पर दो जनवरी 25 से 31 जनवरी 25 तक जिले में सायबर अपराधियों की



धरपकड तथा चोरी / गुमशुदा मोबाईल की तलाश हेतु साईबर शील्ड अभियान चलाया गया । अभियान के दौरान कोटा ग्रामीण पुलिस ने जिला कोटा ग्रामीण क्षेत्र में वर्ष 2023 से जनवरी 2025 *तक जिले में चोरी / गुम हुऐ 162 मोबाईल हेंडसेटों को बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि साईबर अपराधी नये-नये तरीकों का उपयोग कर आमजनता को उनकी मेहनत से कमाई राशी की ठगी कर रहे है। कोटा ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर ने विस्तार से जानकारी देते हुऐ बताया कि वर्तमान में साईबर अपराध का प्रचलन बहुत चरम सीमा पर है, ऐसे में प्रतिदिन जिले में साईबर अपराध की शिकायत प्राप्त होती रहती है।जिनका समय पर निस्तारण करना पुलिस के लिये चुनौती है। इस सम्बन्ध में जिला पुलिस प्राथमिकता से कार्य कर इन शिकायतों का समय पर निस्तारण करने में सफल रही है। साईबर अपराधियों की गतिविधियों पर नियंत्रण हेतु आमजन को जागरुक करने के सम्बन्ध में जिला पुलिस द्वारा प्रभावी कदम उठाये गये है। जिला पुलिस द्वारा जिला क्षेत्र में 134 साईबर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये गये है जिसमें 192 पुलिस मित्र / सुरक्षा सखी/सीएलजी सदस्य / साइबर वॉलिन्टियर्स सहयोग प्राप्त कर कुल 7300 लोगो को जागरुक किया जा चुका है। कोटा ग्रामीण के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राम कल्याण मीणा ने बताया कि चोरी/गुम हुऐ मोबाईल हेंडसेट बरामद करने में सहायक उप निरीक्षक भूपेन्द्र सिंह, कांस्टेबल नरेन्द्र सिंह, लाखन सिंह, रणवीर सिंह, मोरमुकुट सिंह,गौतम, पंकज रविकान्त, नरेन्द्र चौधरी साईबर सैल का विशेष योगदान रहा।

# सातलखेड़ी में वार्षिक उत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह हुआ आयोजित

## विद्यार्थियों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

(शाकिर खान)

**जाँबाज न्यूज रामगंजमंडी।** रामगंजमंडी सातलखेड़ी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सातलखेड़ी में वार्षिक उत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह बढ़े ही धूमधाम एवं भव्य तरीके से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खैराबाद पंचायत समिति के उप प्रधान सुनील गौतम , भाजपा ब्लॉक अध्यक्ष नरेन्द्र व्यास, भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं जिला परिषद सदस्य धीरजसिंह सिसोदिया रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश परमार के द्वारा की गई । वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा मण्डल महामंत्री राकेश वर्मा , ग्राम पंचायत सातलखेडी की सरपंच सुषमा कुमारी, पूर्व



सरपंच एवं विधायक प्रतिनिधि शान्ति बाई , समाजसेवी मुकेश गोठवाल, भामाशाह कैसरीलाल मीणा , एसडीएमसी सदस्य जगदीश प्रजापति , कल्याण श्रृंगी, श्यामलाल राठौर , नीलेश पोरवाल , , सुगना बाई , गोपाल बागड़ी , शम्शुद्दीन अगवान व एमजीजीएस विद्यालय के प्रधानाचार्य शक्ति सिंह रहे। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने देशभक्ति व लोक संस्कृति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बढ़ी ही भव्य एवं मनमोहक प्रस्तुतियां दी। बोर्ड परीक्षाओं में विद्यालय में प्रथम , द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय में भौतिक संसाधनों में सहयोग करने वाले भामाशाहों को तिलक माल्यार्पण व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि सुनील गौतम, नरेन्द्र व्यास, धीरजसिंह सिसोदिया ने सम्बोधित किया और विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए विद्यालय में भौतिक संसाधनों को पूरा करवाने का आश्वासन दिया। स्थानीय विद्यालय के एसडीएमसी सचिव प्रधानाचार्य राधेश्याम अहीर ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता सुशील कुमार भाट ने किया।

अतः मैं विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश परमार द्वारा सभी अतिथियों का आभार प्रदर्शन किया गया । कार्यक्रम में उप प्राचार्य जया पंवार , व्याख्याता ज्योति प्रकाश कुमावत , मोनिका गोचर , वरिष्ठ अध्यापक उम्मेद कुमार , उमाशंकर शर्मा , अजय कुमार , महेश कुमार , कमलेश शर्मा , लोकेन्द्रसिंह , फिरोज हुसैन , उमा वर्मा , अध्यापक सत्यनारायण चौधरी , विनिता शर्मा , किरण तेतरवाल , विनोद मीणा , भगवती मीणा सहित कई अभिभावक व विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।

# निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 103 रोगी लाभांवित

## लायंस क्लब कोटा ने करवाएं 103 मोतियाबिंद के ऑपरेशन

**जाँबाज न्यूज कोटा।** मोतियाबिंद के रोगियो के लिए लायंस क्लब कोटा के द्वारा नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन निरंतर जारी है। लायंस क्लब कोटा द्वारा आयोजित निशुल्क नैत्र शल्य चिकित्सा शिविर झालावाड रोड स्थित लायंस क्लब भवन में सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष प्रमोद विजयवर्गीय ने बताया कि शिविर के रजिस्ट्रेशन कार्य 28 जनवरी से प्रारंभ किया गया था। जिसमें 225 लोगों का रजिस्ट्रेशन किया। बीपी,शुगर अन्य बिमारी के चलते 103 नेत्र रोगियो को ऑपरेशन कर शुक्रवार



को उन्हे काले चश्मे सौपे गए।कार्यक्रम में केईडीएल के टेक्निकल हेड अन्नामित्रो डाली मुख्य अतिथि रहे। उन्होने नेत्र रोगियों को काले चश्में पहनाएं। शिविर प्रभारी अशोक नुवाल ने बताया कि सभी ऑपरेशन डा विशाल स्नेही ने सभी मरीजो का ऑपरेशन आधुनिक लेजर तकनीक के माध्यम से किया गया और मरीजो को लेंस प्रत्यारोपित किए। इस अवसर सचिव वीरेन्द्र विजय,क्वल सदस्य अशोक नुवाल, अरुण तुलसियान,राम मदनानी,पवन पारेता,विनोद अजवानी उपस्थित रहे।

# प्रधान रिंकू मीणा ने दिए ग्राम पंचायतो में नवनियुक्त प्रशंसकों को नियुक्ति पत्र

(लालू पठान)

**जांबाज न्यूज़ इटावा।** इटावा पंचायत समिति के सभागार में इटावा पंचायत समिति के प्रधान रिंकू मीणा की उपस्थिति में बैठक रखी गई बैठक में सभी निवर्तमान सरपंचों को प्रशासक नियुक्ति के प्रमाण पत्र प्रधान रिंकू मीणा व खंड विकास अधिकारी प्रभु लाल वर्मा द्वारा दिय गए इस कार्यक्रम में सरपंच संघ राजस्थान के मुख्य प्रवक्ता रफीक पठान कोटा जिला सरपंच संघ के कार्यकारी अध्यक्ष घनश्याम यादव प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नीरज नागर मुख्य मुख्य रूप से उपस्थित थे इस अवसर पर



इटावा सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह हाडा वह अन्य सरपंचों ने सभी अतिथियों व नवनियुक्त प्रशंसकों का माला बनाकर स्वागत किया साथ ही सभी उपस्थित सरपंचों ने प्रदेश व जिले के पदाधिकारी को आश्वस्त किया कि 4 फरवरी को जयपुर में होने वाले सरपंचों के महाकुंभ में जिसमें राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर वह ग्रामीण विकास मंत्री करोड़ी लाल मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे इस कार्यक्रम में बेरवा पिंकी मेहरा परशुराम गोचर सुनीता मीणा मंजू सुमन पार्वती बाई भरोसी बाई आदि सरपंच उपस्थित रहे ।

# विज्ञान नगर थाना प्रभारी मुकेश मीणा की पुलिस टीम ने इनामी फरार तस्कर को किया गिरफ्तार



(के डी अब्बासी)

**जाँबाज न्यूज कोटा।** कोटा शहर के विज्ञान नगर थाने के सीआई पुलिस इंस्पेक्टर मुकेश कुमार मीणा की पुलिस टीम ने ऑपरेशन नश्वर के तहत चार साल से फरार तीन हजार के इनामी मादक पदार्थ तस्कर कलाम को तलाश कर झालावाड़ से गिरफ्तार किया है। हैड कांस्टेबल ज्ञान सिंह, कांस्टेबल पुष्पेंद्र,रोहित की मदद से यह फरार तस्कर गिरफ्तार हुआ है। कोटा सिटी एसपी आईपीएस डॉ. अमृता दुहन ने बताया गया कि नशिले पदार्थों की बिक्री/भण्डारण/परिवहन की * रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ हेतु जिले में विशेष अभियान ऑपरेशन नश्वर चला रखा है। उक्त अभियान को सफल बनाते हुए अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी व पुलिस उपाधीक्षक लोकेन्द्र पालीवाल के निर्देशन में विज्ञान नगर थाना प्रभारी मुकेश कुमार मीणा के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया था। इसी टीम ने यह कार्यवाही की है।

# केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी की माताजी कैलाशवासी राजमाता माधवी राजे सिंधिया जी की जयंती पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली दी

**जाँबाज न्यूज कोटा।** महाराज माधवराव सिंधिया वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी की माताजी कैलाशवासी राजमाता माधवी राजे सिंधिया जी की जयंती पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली दी यह जानकारी देते हुए महाराज माधवराव सिंधिया वेलफेयर सोसाइटी कोटा के अध्यक्ष इंद्रमोहन सिंह हनी ने बताया इस अवसर पर माधवराव सिंधिया वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यो ने आज छावनी चौराहे स्थित माधवराव सिंधिया पार्क में



राजमाता जी की फोटो पर माल्यार्पण कर अपने अपने विचार रखे , सदस्यों ने राजमाता के लडकियों की पढाई में योगदान के बारे में चर्चा की , उन्होंने हमेशा ग्वालियर संभाग व जनता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई . इस अवसर पर मुख्य रूप से गजेन्द्र , कैलाश जोशी , मनोज धोभी , राजकुमार मीणा , लोकेश तिवारी , गौरव तिवारी ,यकीन खान आदि उपस्थित रहे

# राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय केशवपुरा में राउण्ड टेबल 358 द्वारा 50 योग किट वितरित

**जाँबाज न्यूज कोटा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय केशवपुरा में राउण्ड टेबल 358 द्वारा योग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 50 योग किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान राउण्ड टेबल 358 के चेयरमैन प्रांशुल कंजोलिया ने कहा कि योग मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को योग




अपनाने और इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर राउंड टेबल के सेक्रेटरी रोहित जैन और टेबलर ऋषभ मेहता उपस्थित रहे। सेक्रेटरी रोहित जैन ने बताया कि बच्चों को योगा हेतु मेट व टीशर्ट का वितरण किया गया और योग के फायदों के बारें में बताया गया।

# स्वास्थ्य सबके लिए, संभाग स्तरीय आरोग्य मेला 7 से 10 फरवरी तक

**जाँबाज न्यूज बारां।** मेला प्रभारी डॉ जितेन्द्र सिंह हाड़ा ने बताया कि जिला प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग द्वारा संभाग स्तरीय आरोग्य मेले का आयोजन खेल संकुल कोटा रोड बारां में 7 फरवरी से 10 फरवरी तक होगा। आरोग्य मेला प्रभारी ने बताया कि संभाग स्तरीय विशाल आरोग्य मेला जिले में दूसरी बार आयोजित होने जा रहा है। मेले में निःशुल्क आयुर्वेद योग व प्राकृतिक यूनानी सिद्धा होम्योपैथी पद्धति द्वारा चिकित्सा परामर्श एवं औषधि वितरण किया जाएगा। आरोग्य मेला समय सुबह 10 बजे से रात्रि 7 बजे रहेगा तथा योग प्रातः कालीन सुबह 7 से 8 बजे तक प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक चिकित्सा उपचार ओपीडी एवं सायं 6 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाएगा। नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त निदेशक आयुर्वेद संभाग कोटा डॉ. मोहन लाल वर्मा ने बताया कि मेले में आयुष की विभिन्न विधाओं पंचकर्म क्षार सूत्र अग्निकर्म जलोका विद्कर्म कपिंग थेरेपी से लाभान्वित किया जाएगा। क्षेत्रिय हर्बल मेडिसिन की प्रदर्शनी लगाकर द्रव्यगुण चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी जाएगी। स्वास्थ्य संबंधित विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान होगा। सहायक नोडल अधिकारी उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग बारां डॉ वीरेन्द्र कुमार सोहाया ने आरोग्य मेले को सफल एवं जनोपयोगी बनाने के लिए जिले के समस्त अधिकारियों कर्मचारियों की अलग-अलग समिति अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए समितियों के प्रभारी डॉ राजेंद्र मीणा, डॉ कमलेश कँवरिया, डॉ राजकुमार गोयल, डॉ चंद्रभान श्रीवास्तव, डॉ रितु चंदेल, डॉ हरिशंकर मीणा, डॉ अभिनव गौड, डॉ पीयूष, डॉ हेमराज सेन आदि को विभिन्न समितियां के प्रभारी नियुक्त कर सहायक शिविर प्रभारी सहायक मेला प्रभारी डॉक्टर जुगल किशोर मीणा एवं मेला प्रभारी से समन्वय स्थापित कर विभिन्न कार्यों को त्वरित गति से संपन्न करने के निर्देश प्रदान किए गए। सहायक निदेशक आयुर्वेद विभाग डॉ अजय नागर ने ऐप द्वारा प्रकृति परीक्षण आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मिलने वाली सुविधाओं जरावस्था आंचल प्रसूता केन्द्र स्वर्णप्राशन आदि जिले में संचालित विभागीय योजनाओं की जानकारी दी।

# कोटा की छवि बिगाड़ने के प्रयास पर शहरवासियों ने 2016 में दी थी अदालत में याचिका

## कोटा व्यापार महासंघ के महासचिव अशोक माहेश्वरी भी हैं गवाह

**जाँबाज न्यूज कोटा।** पिछले दिनों देशभर में बिना किसी पूर्व सूचना के अपनी कक्षाएं बंद करने के बाद चर्चा में आए इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी के संस्थान फिटजी के खिलाफ कोटा शहरवासियों में भी नाराजगी है। फिटजी द्वारा लगातार देश के समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी कर कोटा को च्सुसाइड सिटी ऑफ इंडियाच् छापकर बदनाम किया गया था। इसके बाद कोटा व्यापार महासंघ और स्थानीय नागरिकों ने इसके लिए परिवार अदालत में दिया था। यह परिवाद 2016 में दिया गया था। इस परिवाद की सुनवाई न्यायालय में विचाराधीन है। इस मामले में कोटा व्यापार महासंघ के महासचिव अशोक माहेश्वरी भी गवाह हैं, तथा वरिष्ठ पत्रकार मनोहर पारीक ने इस संबंध में अदालत में परिवाद दिया था। इस मामले में परिवादी मनोहर पारीक ने बताया कि कॅरियर सिटी कोटा इंजीनियरिंग व मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए देश में अलग पहचान रखती है। हर वर्ष लाखों की संख्या में विद्यार्थी अपने सपनों को साकार करने कोटा आते हैं। ऐसे में फिटजी कोचिंग संस्थान द्वारा विज्ञापन जारी किया गया एवं कोटा को च्सुसाइड सिटी ऑफ इंडियाज् दर्शाया गया है, जो कि काफी घृणास्पद है। न्यायालय विशिष्ट न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, एनआई प्रथम कोटा की ओर से फिटजी के कार्यकारी प्रभारी एवं निदेशक डीके गोयल को नोटिस भिजवाया गया है। मामले में पैरवी कर रहे एडवोकेट देवेन्द्र वर्मा ने बताया कि फिटजी के द्वारा कोटा की छवि धूमिल करने का कृत्य किया गया है, जिससे पूरे देश में कोटा के प्रति घृणा एवं तिरस्कार का भाव पैदा हुआ है। शहर की अर्थव्यवस्था के लिए कहीं से भी उचित नहीं है। भारतीय दंड संहित की धारा 500 के तहत अपराध की श्रेणी में आता है। उल्लेखनीय है कि घृणित विज्ञापन प्रकाशित करने के बाद कोटा शहरवासियों में संस्थान के खिलाफ रोष था और कोटा व्यापार महासंघ की अगुवाई में कई क्षेत्रों में प्रदर्शन भी किया गया था। फिटजी संस्थान के खिलाफ नारे लगाए गए थे। स्थानीय प्रशासन से भी कार्रवाई करने की मांग की गई थी। देशभर में फिटजी कोचिंग की करीब 72 शाखाएं संचालित है। पिछले दिनों हाल ही में मध्यप्रदेश के भोपाल सहित दिल्ली-एनसीआर में संचालित फिटजी के कई सेंटर अचानक बंद हो गए। इसके बाद पूरे देश में अभिभावकों ने फीस लौटाने की मांग करते हुए संस्थान के खिलाफ मुकदमे दर्ज करा दिए। इसके बाद से ही फिटजी के मालिक डीके गोयल पर गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है।

# छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान करेगा एमपावर फाउंडेशन

## एक मजबूत दिमाग ही उज्जवल भविष्य की नींव रखता है- एडीएम अनिल सिंघल




**जाँबाज न्यूज कोटा।** छात्रों में बढ़ते मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों को हल करने के मकसद से आदित्य बिरला एजुकेशन ट्रस्ट की संस्था एमपावर, ने कोटा में एमपावर फाउंडेशन सेंटर की शुरुआत तलवंडी कॉमर्स कॉलेज के सामने की है।एमपावर की प्रेसिडेंट सुश्री परवीन शेख ने बताया कि सेंटर का शुभारंभ अतिरिक्त जिला कलेक्टर अनिल कुमार सिंघल द्वारा विधिवत रूप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि शारीरिक स्वास्थ्य। एक मजबूत दिमाग एक उज्जवल भविष्य की नींव रखता है। किसी भी छात्र को अपने संघर्षों में अकेला महसूस नहीं करना चाहिए। हमेशा मदद उपलब्ध है, और हमें अपने युवाओं को यह प्रोत्साहित करना चाहिए कि वे सहायता लें, अपनी भविष्य की मंजिल को आगे बढाएं।सेंटर के उद्घाटन के अवसर पर एमपावर सेंटर की प्रेसीडेंट सुश्री परवीन शेख ने कहा कि कोटा में हमारा मिशन यह सुनिश्चित करना है कि कोटा के हर स्टूडेंट को क्वालिटी मेंटल हेल्थ केयर मिले। फाउंडेशन के माध्यम से, हम छात्रों को मानसिक और भावनात्मक रूप से सशक्त बनाने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेंगे। युवा पीढ़ी में मानसिक स्वास्थ्य संकट एक मौन महामारी है। यदि हम समय रहते सही हस्तक्षेप, सपोर्ट सिस्टम और क्षमता निर्माण पर ध्यान केंद्रित करें, तो हम एक सशक्त पीढ़ी तैयार कर सकते हैं, जो किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम होगी। कोटा में हमारा यह प्रयास मेंटल हेल्थ केयर में निवेश के महत्व को पुनः स्थापित करता है। यह न केवल व्यक्तिगत कल्याण के लिए है बल्कि एक मजबूत और स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए भी लाभदायक है।यह संस्था सरकारी गाइडलाइंस के मुताबिक छात्रों के लिए एक किफायती और सुलभ मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्रणाली प्रदान कर रही है। विशेष रूप से उन छात्रों के लिए जो कंपीटीटिव एग्जाम्स की तैयारी कर रहे हैं।पिछले वर्ष से, कोटा में एमपावर द्वारा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशालाएँ, काउंसलिंग सत्र और प्रारंभिक स्क्रीनिंग कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। एमपावर द्वारा 2072 छात्रों पर किए गए एक सर्वेक्षण में चिंताजनक तथ्य सामने आए। जिसमें 69 प्रतिशत छात्र अक्सर तनावए 56.5 प्रतिशत अवसादग्रस्त लक्षणों, 64 प्रतिशत आत्मविश्वास की कमी, 73.1 प्रतिशत खुद को बेकार महसूस करते हैं, 35 प्रतिशत खुश रहना कठिन मानते हैं। 43 प्रतिशत दैनिक गतिविधियों का आनंद नहीं ले पाते। 42 प्रतिशत कठिनाइयों का सामना करने में असमर्थ महसूस करते हैं। 33 प्रतिशत निर्णय लेने में असमर्थ हैं, 36 प्रतिशत पिछले वर्ष में नींद से जुड़ी समस्याओं का सामना कर चुके हैं। हालांकि ये आंकड़े बेहद चिंताजनक हैं, फिर भी केवल 10त्न से कम छात्र प्रोफेशनल हेल्प लेते हैं। वजह सामाजिक तिरस्कार, सांस्कृतिक धारणाएँ और जागरूकता की कमी है। ये निष्कर्ष बताते हैं कि मानसिक स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए एक ठोस और कलंक-मुक्त रणनीति की जरूरत है। इसी को ध्यान में रखते हुए, एमपावर द फाउंडेशन ने कोटा में एक समर्पित केंद्र स्थापित किया है, जहां किफायती मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध होंगी। यह केंद्र विशेषज्ञ काउंसलिंग, थेरेपी और बहुआयामी मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्रदान करेगा, ताकि कोई भी छात्र बिना मदद के न रहे।

# हॉस्पिटल कि 9वी वर्षगांठ पर आयोजित शिविर में 62 यूनिट रक्तदान हुआ



**जाँबाज न्यूज कोटा।** लायंस क्लब कोटा स्टार व कोटा सेन्ट्रल हॉस्पीटल के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर व चिकित्सा शिविर का आयोजन हॉस्पीटल के 9वर्ष सफलता पूर्वक पूर्ण होने के उपलक्ष मे किया गया वर्षगांठ के उपलक्ष में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 62 लोगों ने रक्तदान किया गया, रक्तदान शिविर में युवाओं, महिलाओं एवं परिवार जनों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। संयोजक राजेंद्र सोयल जी ने बताया कि समाज सेवा का इससे अच्छा उदाहरण और कोई नहीं हो सकता। इसलिए सेवा के माध्यम से ही हॉस्पिटल कि 9वीं वर्षगांठ को मनाया गया। रक्तदान करना कोटा शहर में परंपरा और अनुशासन का परिचायक बन गया है। ससंयोजक लायन महावीर मेघवाल ने बताया कि रक्तदान शिविर में श्री राम बल्ड बैंक की टीम ने यूनिट रक्त संग्रहित किया वहीं 46 लोगों की हीमोग्लोबिन की जांच की गई, शिविर में 184 ब्लड प्रेशर, व मधुमेह के 198 रोगियों की निःशुल्क जांच भी कराई गई और साथ मे स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा 84 महिला रोगियों कि जांच व चिकित्सक के द्वारा निःशुल्क परामर्श दिया गया, रक्तदान शिविर में लायंस क्लब कोटा स्टार के अध्यक्ष नरेश शर्मा का विशेष सहयोग रहा।

# पश्चिम मध्य रेल मंडल प्रबंधक अनिल कालरा ने किया रामगंज मंडी जंक्शन का निरीक्षण जल सेवा दल समिति ने विभिन्न मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

(शाकिर खान)

**जाँबाज न्यूज रामगंजमंडी।** रामगंजमंडी पश्चिम मध्य रेल मण्डल प्रबंधक ने रामगंज स्टेशन का दौरा किया इस दौरान जल सेवा दल समिति ने अध्यक्ष मुकेश श्रृंगी के नेतृत्व में उनसे भेंट कर रामगंज मंडी स्टेशन की समस्याओं से अवगत कराया और ज्ञापन दिया जिसमें जल सेवा समिति ने मांग की है कि प्लेटफार्म नंबर तीन की तरफ टिकट विंडो को तुरंत चालू किया जाए वह रेलवे स्टेशन पर ब्रिज का जो विस्तार किया जा रहा है उसे कंप्लीट करवा कर चालू किया जाए स्टेशन पर अंदर में बाहर क्षेत्र में जो निर्माण कार्य चल रहा है यह बहुत धीमी गति से चल रहा है इसे तीव्र गति से करवारकर कंप्लीट करवाया जाए वहीं जल सेवा समिति का कहना है कि रामगंज मंडी एक व्यापारिक नगरी है यह एशिया की सबसे बड़ी धान मंडी व विश्व विख्यात कोटा स्टोन की इकाई होने के कारण समूचे भारत के लोगों की आवा-,जाही लगी रहती है आज भी कई बड़े शहरों का यहाँ जुड़ाव नहीं होने के कारण व्यापारियों को आने-जाने में तकलीफ होती है रेलवे ने कोरोना से पहले जो ट्रेन है जहां जहां रुक रही थी वहां के ठहराव वापस दिए हैं वैसे ही रामगंज मंडी में बांद्रा कानपुर एक्सप्रेस स्वराज एक्सप्रेस जोधपुरी एक्सप्रेस ओखा गुवाहाटी एक्सप्रेस हावड़ा एक्सप्रेस का ठहराव रामगंज मंडी में हो जाए तो व्यापारियों एवं यात्रियों के लिए सुविधा बढ़ जाएगी।

# राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खैराबाद में वार्षिक उत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



(शाकिर खान)

**जाँबाज न्यूज खैराबाद।** खैराबाद राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खैराबाद में वार्षिक उत्सव भामाशाह सम्मान समारोह 2025 का आयोजन हर्षोल्लास के साथ हुआ इसमें विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुति दी उत्सव की अध्यक्षता संस्था प्रधान ममता रानी ने की मुख्यअतिथि अनूप मिश्रा डॉक्टर साहब वह विशिष्ट अतिथि राजेश महेश्वरी पूर्व सरपंच हेमेंद्र भैया अंजुमन कमेटी अध्यक्ष सरफराज भाई व दिनेश नागर बुरनखेडी ने सरस्वती पूजन कर उत्सव का शुभारंभ किया।

# सर्व सहमति से मनोनीत हुए मोबाइल एसोसिएशन अध्यक्ष किशोर विश्वकमा



(किशोर विश्वकर्मा)

**जाबाज़ न्यूज चौमहला।** शुक्रवार को मोबाइल एसोसिएशन की बैठक संपन्न हुई जिसमें नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमे सर्व सहमति से किशोर विश्वकर्मा मोबाइल एसोसिएशन अध्यक्ष मनोनीत किए गए साथ ही कार्यकारिणी में संरक्षक प्रमोद मोदी,उपाध्यक्ष राजेश नाहर ,कोषाध्यक्ष नितेश पोरवाल को मनोनीत किया गया बैठक में सभी मोबाइल व्यवसाय से जुड़े सभी व्यापारी मौजूद रहे ,बैठक में नवनिर्वाचित अध्यक्ष का सभी ने सम्मान किया।

# राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय संजय नगर नवीन में वार्षिक उत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित किया गया



**जाँबाज न्यूज कोटा।** सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि पीयूष सारंग मोटिवेशन स्पीकर ऐलन थे कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम कोटा दक्षिण वार्ड 14 की पार्षद श्रीमती तबस्सुम मिर्ज़ा ने की विशिष्ट अतिथि के रूप आसिफ मिर्ज़ा संभागीय अध्यक्ष जन समस्या निवारण मंच सुभाष बाग समाज सेवी अजीज गारंटी भामाशाह जिला कोंग्रस कमेटी कोटा के सचिव मोहन सैनी,देवकीनंद सुमन पूर्व अध्यापक कोहिनूर वेल्फयर सोसायटी के अध्यक्ष अब्दुल वहाब जन समस्या निवारण मंच के जिला अध्यक्ष लुकमान अंसारी रहे कार्यकम मे बच्चों ने अच्छी प्रस्तुतिया दी मोटिवेशन स्पीकर ने बच्चों को आने वाले भविष्य के लिए मोटिवेट किया स्थानीय पार्षद तबस्सुम मिर्ज़ा ने बच्चों को सम्भोधित करते हुवे विद्यालय के. समस्त स्टॉफ को बधाई दी और कहा की हम लोगों ने प्राइवेट स्कूल के वार्षिकोत्सव देखे होंगे ।

# नगरपालिका इटावा मे सफाई मित्र प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



(लालू पठान)

**जांबाज न्यूज़ इटावा।** नगरपालिका इटावा द्वारा सफाई मित्र प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर मे सफाई मित्रो को क्षेत्रिय स्वच्छता के महत्व के साथ सफाई उपकरणो के उपयोग की जानकारी दी गई। सफाई मित्रो द्वारा बिना सफाई उपकरणो के सफाई कार्य करने पर होने वाली स्वास्थ्य सम्बन्धित समस्याओ के बारे जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष महोदया रजनी सोनी, सहायक प्रशासनिक अधिकारी श्री शेजराम मीणा , स्वास्थ्य निरीक्षक द्वितीय श्री बुद्धि प्रकाश साहू द्वारा प्रशिक्षण शिविर मे भाग लेने वाले सफाई मित्रो को प्रशस्ति पत्र भेट किया गया। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष महोदया रजनी सोनी ने बताया की सफाई मित्र नगर के सौन्दर्य की नींव है इनके स्वास्थ्य व सुरक्षा के उद्देश्य की पूर्ति हेतू इस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य निरीक्षक द्वितीय श्री बुद्धि प्रकाश साहू द्वारा सफाई मित्रो को सफाई उपकरणो के उपयोग की जानकारी दी गई, कार्यक्रम के दौरान नगरपालिका के समस्त कार्मिक व सफाई मित्र उपस्थित रहे ।

# आचार्य श्री पुष्पदंत सागर महाराज के 45वें दीक्षा दिवस पर हुआ भव्य पूजन एवं दीप प्रज्वलन



**जाँबाज न्यूज कोटा।** जैन संत 108 आचार्य श्री पुष्पदंत सागर महाराज का 45वें दीक्षा दिवस महावीर नगर द्वितीय स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आचार्य श्री 108 प्रज्ञा सागर जी महाराज ससंघ सानिध्य में सेवा, साधना और समर्पण के रूप में मनाया। मंदिर अध्यक्ष दर्पण जैन ने बताया कि इस पावन अवसर पर 45 इंद्र परिवारों द्वारा विशेष पूजन एवं दीप प्रज्वलन किया गया। इस आयोजन में श्रद्धालुओं ने पूरे भक्ति भाव से भाग लिया और गुरु भक्ति का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। पूजन के मुख्य यजमान का सौभाग्य चेतन कुमार, विशाल जैन एवं अर्पित कुमार सराफ को प्राप्त हुआ। पार्षद गोपाल मंडा भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सकल समाज के अध्यक्ष विमल जैन नांता ने भी 108 आचार्य श्री पुष्पदंत सागर महाराज के ज्ञान,जनहित,करूणा व दया पर अपने विचार व्यक्त करते हुए पुष्पगिरी प्रणेता आचार्य श्री 108 पुष्पदंत सागर जी महाराज की दिव्यता का बखान किया। **गुरु महिमा का गुणगान** विनयांजलि सभा में प्रज्ञा सागर जी महाराज ने गुरु भक्ति का महत्व बताते हुए कहा कि गुरु के उपकार का बदला चुकाना असंभव है, क्योंकि गुरु ही वह मार्गदर्शक होते हैं जो शिष्य को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। गुरू ही ज्ञान व अज्ञान के बीच के भेंद को बताकर शिष्य के जीवन में स्वज्ञान का प्रकाश लाते है और समझ को सकारात्मक रूख प्रदान कर उनके जीवन को सार्थक बनाते है।

वायत्ताधिकारी स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक मुजीबुर्रहमान द्वारा खिलजी प्रिंटर्स, विशाल मार्केट, छावनी से मुद्रित होकर ''सांध्य दैनिक जांबाज पत्रिका'' कार्यालय, पंडित भवन के पीछे, छावनी, कोटा (राज.) से प्रकाशित, संपादक - अजीजुर्रहमान